हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 132 10 मई 2024 शुक्रवार हाथरस पृष्ठ 8 मूल्य–2/-रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

### लखीमपुर खरी में इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे योगी, बोले...

# आतंकियों की हमदर्द है कांग्रेस

● **लोकसभा चुनावः सीएम योगी बोले, भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, भ्रष्टाचार फैलाने वाले, सब रामद्रोही हैं**




> उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए लखीमपुरखरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा विपक्ष राम मंदिर पर सवाल उठाती है।


लखीमपुरखरी,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए लखीमपुरखरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा विपक्ष राम मंदिर पर सवाल उठाती है। समाजवादी पार्टी राम मंदिर को बेकार बता रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आतंकियों की हमदर्द रही है। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा इस चुनाव को दो जीजे दिखाई पड़ रही है। एक और रामराज्य की बात की जा रही है, एक और राम द्रोहियों है। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थी आज राम मंदिर का विरोध कर रही है। योगी ने अयोध्या विकास की बात करते हुए कहा कि प्रदेश पहले कर्फ्यू लगाता था लेकिन आज आराम से कावड़ यात्रा निकल रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीबों को उज्जवला योजना के तहत गैस का कनेक्शन, शौचालय आवास बिना किसी भेदभाव के दिया गया। सीएम ने कहा कि ये नया भारत है हम किसी को छेड़ेंगे नहीं जो छेड़ेगा उसे छोड़ेंगे नहीं। समाजवादी पार्टी ने पास गरीबों के लिए कोई योजना नहीं है इनके पास सिर्फ माफियाओं के लिए योजनाएं है। ये लोग देश को जाति के नाम पर बांटने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी के लिए परिवार फस्ट है, लेकिन मोदी जी के लिए देश फस्ट है। अजय मिश्रा के पक्ष में प्रचार के दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। जिसमें से लखीमपुरखारी भी एक सीट है यहां से अजय मिश्रा टेनी को जितकर 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सनातन सत्य है कि राम द्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है और 2024 का लोकसभा चुनाव इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करने वाला है। उन्होंने कहा, ''ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नये और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ राजद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नाम पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे बात निशुल्क राशन की हो या मुफ्त उपचार की, बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई और शादी की व्यवस्था की हो या फिर बेटी और व्यापारी को सुरक्षा देने का कार्य आपका एक वोट नये भारत का दर्शन करा रहा है।

## फिर से ये लोग सरकार में आ गए तो संविधान को खत्म कर देंगेः महबूबा

जम्मू,(एजेंसी)। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि अब लोग जाग गए हैं। अगर ये लोग फिर से सरकार में आए तो ये संविधान को खत्म करेंगे। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जो देश में हो रहा है उससे सीधे पता चलता है कि चुनाव के तीन चरणों के बाद भाजपा हार रही है। जनता पहचान गई है कि भाजपा केवल धर्म के नाम पर चुनाव लड़ना चाहती है। इसलिए वे(भाजपा) हिंदू–मुसलिम का झगड़ा करवाना चाहते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि अब लोग जाग गए हैं। अगर ये लोग फिर से सरकार में आए तो ये संविधान को खत्म करेंगे। कांग्रेस अक्सर ये आरोप लगाती आई है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वास्तविक मंशा संविधान को बदलना तथा आरक्षण खत्म करना है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी पार्टी के नेता लोकसभा चुनाव में जनता से उन्हें 400 से अधिक सीट जिताने के लिए कह रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को लेकर भी उन पर निशाना साधा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उच्चतम न्यायालय के राम मंदिर से संबंधित फैसले को पलट दिया जाएगा। अठावले ने संविधान खत्म कराने के दावे पर दर्ज कराई शिकायत केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लगातार दावे पर आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है कि भाजपा देश के संविधान को बदल देगी। प्रमुख दलित नेता और भाजपा सहयोगी अठावले ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, गांधी को यह दावा करने से रोका जाना चाहिए।



## ये चुनाव `वोट फॉर जिहाद' और `वोट फॉर विकास' के बीच की लड़ाईः अमित शाह




तेलंगाना,(एजेंसी)। शाह ने कहा कि आगामी चुनाव राहुल गांधी की चीनी गारंटी और श्मोदी जी की भारतीय गारंटीश के बीच लड़ाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे केवल मोदी, मोदी... की गूंज सुनाई देती है। तेलंगाना ने श्कमलश को चुनने का फैसला किया है, और उसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा! जोर–शोर से चल रहे चुनाव प्रचार के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इन लोकसभा चुनावों में लड़ाई श्वोट फॉर जिहादश और श्वोट फॉर विकासश के बीच है। केंद्रीय मंत्री भोंगिर में तेलंगाना के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे यहां तेलंगाना में उपस्थित होकर खुशी हो रही है... मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं। आज हमारा देश लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बन रहा है। यहां आगामी चुनाव श्वोट फॉर जिहादश और श्वोट फॉर विकासश मिशन के बीच लड़ाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। शाह ने कहा कि आगामी चुनाव श्राहुल गांधी की चीनी गारंटीश और श्मोदी जी की भारतीय गारंटीश के बीच लड़ाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे केवल श्मोदी, मोदी...श की गूंज सुनाई देती है। तेलंगाना ने श्कमलश को चुनने का फैसला किया है, और उसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा! उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार, मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह श्डबल–डिजिट स्कोरश निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा। भाजपा नेता ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि तेलंगाना और राजस्थान के लोगों को कश्मीर से कोई लेना–देना नहीं है।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ हाथरस हर्षउल्लास के साथ मनाया मातृ दिवस

हाथरस। जायंट्स ग्रुप ऑफ हाथरस गूंज ने शहर के नामचीन रेस्टोरेंट में जनरल बोर्ड मीटिंग की एवं विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के साथ साथ मातृ दिवस भी मनाया । इस उपलक्ष में घर बैठे ही सबको देश–विदेश की खबर पहुंचाने के लिए अध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय ने उपस्थित मीडिया बंधुओ श्री पुष्कर कुमार, श्री उमाशंकर जैन, श्री राजकुमार वार्ष्णेय,श्री पवन पंडित ,श्री बृजेश मिश्रा ,श्री विनोद कुमार शर्मा एवं श्री उमाकांत कुलश्रेष्ठ को उनकी पारदर्शी पत्रकारिता के लिए पटका पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। वैसे तो हर दिवस मातृत्व दिवस होता है पर संस्था ने मातृ दिवस को खास अंदाज में मनाया। संस्था की सभी सदस्यों की मां ,सासु मां व दादी सास के साथ मातृ दिवस मनाया ।सभी आदरणीय माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । सभी माताओं को गेम्स खिलाएं और उनसे केक कटवाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।साथ ही परिवार के महत्व को समझने के लिए चार पीढ़ियां ने एक साथ बातचीत की एवं सहभोज किया और 7 तारीख को हुए मतदान पर सबसे वरिष्ठ मां श्रीमती सावित्री देवी जिन्होंने मतदान किया था को नमिता गोयल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया ।कार्यक्रम में यूनिट डायरेक्टर सीमा वार्ष्णेय ,वाइस प्रेसिडेंट गुंजन दीक्षित ,अध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय ,सचिव माधुरी वार्ष्णेय ,कोषाध्यक्ष रितु वार्ष्णेय ,श्वेता वार्ष्णेय ,नमिता गोयल ,श्वेता वार्ष्णेय,मीनाक्षी शर्मा,मेघा वार्ष्णेय ,प्रमिला




शर्मा,कुसुम वार्ष्णेय मोहिता पोद्दार, चित्रा गोयल,कल्पना वार्ष्णेय ,गरिमा वार्ष्णेय ,सीता वार्ष्णेय, संगीता महेश्वरी ,भावना माहेश्वरी ,माधवी पाठक ,रागिनी वार्ष्णेय ,रेखा अग्रवाल आदि सदस्यों ने सहभागिता की।

# बाल विवाह करना एवं कराना दंडनीय अपराध : संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा

**अक्षय तृतीया के दृष्टिगत बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन**



(भव्य प्रभात)

हाथरस। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग व जिलाधिकारी अर्चना वर्मा जी के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री सीमा मौर्या के मार्गदर्शन में सेठ हरचरण दास गर्ल्स इंटर कॉलेज, हाथरस में महिला कल्याण विभाग हाथरस द्वारा अक्षय तृतीया दिनांक 10 मई 2024 को सम्भावित बाल विवाह के दृष्टिगत बाल विवाह विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा ने समस्त छात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम 2015, दत्तक ग्रहण, पोक्सो एक्ट 2012 के साथ बाल विवाह के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालकध्युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो का विवाह कराया जाना प्रतिबंधित है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह दंडनीय अपराध है और बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्रावधान किया गया है बाल विवाह अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले व्यस्क पुरुष के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 2 वर्ष के कठोर कारावास याध् ६ 1 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है बाल विवाह करना या कराना एक जघन्य अपराध है जिससे शारीरिक व मानसिक रूप से गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं। बाल विवाह की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 महिला हेल्पलाइन नम्बर –181 पर सूचित करने के साथ ही पास के पुलिस थाने में अथवा 112– इमरजेंसी नम्बर पर तत्काल सूचना दिये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रबंधक, वन स्टॉप सेंटर श्रीमती मनीषा भारद्वाज द्वारा वन स्टॉप सेंटर के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे पांच प्रकार की सुविधा प्रदान कराई जाने के साथ साथ सभी छात्राओं को अपने आस–पास के लोगों को भी बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में जानकारी देकर जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता सिंह ने बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है इससे बालिकाओं ६ बालक का मानसिक , शारीरिक, शैक्षिक विकास नही हो पाता है असमय विवाह के बंधन में बंधने से बालिकाओं एवं बालक अपने सपनों एवं शिक्षा को पूरा नहीं कर पाते हैं।

परियोजना समन्वयक मोहम्मद सईद ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर बंटी कुशवाह एवं विद्यालय की शिक्षिकाऐ उपस्थित रही।

# राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि में वेब पंजीकरण हुए शुरू

हाथरस। यूपी बोर्ड का परीक्षा का परिणाम जारी हुए दो सप्ताह से अधिक हो चुके हैं। विद्यार्थी बेसब्री से कालेज में प्रवेश पाने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि ने वेब पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि में वेब पंजीकरण शुरू हो गई है। इस विवि से संबद्ध कालेजों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी वेब पंजीकरण कराने के लिए साइबर कैफे पहुंचने लगे हैं। बिना वेब पंजीकरण कराए विवि से संबद्ध किसी भी कालेज में विद्यार्थी का प्रवेश नहीं हो सकता है। यूपी बोर्ड का परीक्षा का परिणाम जारी हुए दो सप्ताह से अधिक हो चुके हैं। राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि ने वेब पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिना वेब पंजीकरण कराए कोई भी विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले सकता है।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
विभा प्रिंटर्स
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई





(भव्य प्रभात)
हाथरस । वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 484वीं जयंती जयंती का आयोजन बड़े ही धूमध् ाम और गाजे बाजे के साथ किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा गौशाला से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए किला स्थित दाऊजी मन्दिर पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरुजी रहे। समाज के वरिष्ठ पूर्व विधायक राजवीर पहलवान, यशपाल सिंह चौहान पूर्व सांसद सुरेश प्रताप गांधी पूर्व एमएलसी राकेश सिंह राना एड. मतेन्द्र गहलोत योगेन्द्र गहलोत आदि सहित तमाम वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्य की गाथाओं पर प्रकाश डाला ।
शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां राजपूतो के शौर्य की गाथाओं को प्रदर्शित कर रही थी। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह गुड्डू का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में क्षत्रिय समाज के कॉफी संख्या में लोग शामिल हुये।
सिकंदराराऊ में शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कई जगह कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ कस्बा के मोहल्ला भूतेश्वर कॉलोनी से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । शोभायात्रा में क्षत्रिय समाज के युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । शोभायात्रा कस्बा के विभिन्न मार्गो से होते हुई गुजरी । शोभायात्रा का कस्बा में जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति भजनों पर युवा थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा में शामिल समाज के युवा खासे उत्साहित दिखाई दिए। शोभायात्रा में शामिल झांकियां लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कस्बा भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन मोहल्ला भूतेश्वर कॉलोनी पर पहुंचकर हुआ ।
इस मौके पर वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन का बलिदान दिया है। हमे समाज में फैली कुरीतियों का त्याग करना होगा। हम सभी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना होगा। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की कमान प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार सिंह भारी पुलिस एवं पीएसी बल के साथ संभाले हुए थे। शोभायात्रा में लोकेश जादौन, सोनू चौहान जिला पंचायत सदस्य, गोविंद चौहान, अतुल चौहान, रामप्रताप सिंह, मुकेश चौहान, सुंदरम ठाकुर, पुनीत चौहान, सक्षम ठाकुर, सौरभ ठाकुर, मोहित प्रताप सिंह, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।



## आरएसएस कार्यकर्ताओं ने की शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा

(भव्य प्रभात)
हाथरस। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागतकिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर कमेटी के पदाधिकारी एव स्वयंसेवक नगर के घंटाघर पर एकत्रित हुये। घंटाघर पर शोभायात्रा के पहुचने पर संघ कार्यकर्ताओं ने पुष्पबर्षा की। शोभायात्रा अध्यक्ष राजेश गुडडू को पटका पहनाकर एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का चित्र भंट कर स्वागत एव सम्मन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचाारक मुनेन्द्र ,नगर प्रचारक अनमोल , नगर संघचालक डा पीपी सिंह , जिला सह कार्यवाह आलोक पचौरी , नगर कार्यवाह भानु , नगर सह कार्यवाह टिंकू राना आदि मौजूद रहे।

## शोभायात्रा का फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल ने किया स्वागत

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने सर्कुलर रोड पर जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा अध्यक्ष राजेश गुडडू को पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## भाजपा नगर मंत्री ने शोभायात्रा अध्यक्ष को पहनाई ५१ किलो की माला

मस्जिद चौराहा पर भाजपा नगर मंत्री अर्जुन वाल्मिकी के संयोजन में वाल्मिकी समाज द्वारा 51 किलो की माला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

## मातृभूमि की रक्षा हेतु महाराणा प्रताप जी का असाधारण संघर्ष और अतुल्य बलिदान भारत के लिए पाथेय : शरद माहेश्वरी



(भव्य प्रभात)
हाथरस । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में राष्ट्रनायक, स्वदेश, स्वधर्म और स्वाधीनता के अमर स्वर, 'हिंदुआ सूर्य' वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में यह कहा कि मातृभूमि की रक्षा हेतु महाराणा प्रताप जी का असाधारण संघर्ष और अतुल्य बलिदान भारत के लिए पाथेय हैं, इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में भाजपा जिला महामंत्री रूपेश उपाध्याय हरिशंकर राना,भीकम सिंह चौहान, हरीश सैंगर, राजेश सिंह गुड्डू, योगेंद्र सिंह गहलोत,नीरेश प्रताप सिंह, अनुराग अग्निहोत्री,भूपेंद्र कौशिक, दंबेश चक, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## बीच सड़क पर दो महिलाओं में मारपीट

हाथरस। बीच सड़क पर दो महिलाओं में आपस में जमकर चले लात–घुसे। मारपीट के देख मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वही मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने महिलाओं का आपस में बीच बचाव करने की कोशिश की लेकिन दोनों महिलाएं नहीं मानी। एक महिला ने दूसरी महिला पर हमलावर होते हुए ईंट भी उठा ली। बाद में जब ज्यादा लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तब यह दोनों महिलाएं वहां से एक दूसरे को धमकी देकर अलग–अलग चली गई। इस मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुराने विवाद को लेकर शहर के तालाब चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे दो महिलाओं में पहले तो आपस में कहासुनी सुनी हुई और उसके बाद इन दोनों महिलाओं में वहीं पर मारपीट शुरू हो गई। एक महिला ने चोटी पकड़कर दूसरी महिला को सड़क पर गिरा लिया। कुछ लोगों ने बीच बचाव करने की कोशिश भी की लेकिन यह दोनों महिलाएं नहीं मानी। इसी दौरान एक महिला दूसरी महिला पर ईंट लेकर चढ़ बैठी। तब वहां ज्यादा भीड़ एकत्रित हुई और कुछ लोगों ने इन दोनों महिलाओं को अलग–अलग किया।

## अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूला किशोर

हाथरस। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। आनन–फानन में परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार किशोर के पिता मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताते हैं कि बुधवार की सुबह पिता को मजदूरी के लिए चला गया और उसके बाद अज्ञात कारणों के चलते किशोर घर में बने एक कमरे में गया और पंखे के कुंदे पर कपडे से फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई, काफी देर तक किशोर उसकी मां को दिखाई नहीं दिया तो उसे तलाश किया। अचानक जब मां घर के अंदर गई तो फांसी पर लटके अपने पुत्र को देखा तो उसकी चीख निकल गई। घर में मची चीख पुकार सुनकर पडौसी एकत्र हो गये।
घटना की सूचना मजदूरी करने गये पिता को दी गई। सूचना मिलते ही पिता गांव पहुंचा और आनन–फानन में बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने मृतक किशोर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने मामले से अनभिज्ञता जाहिर की है।

# प्लेऑफ से एक कदम दूर केकेआर

## तीसरे–चौथे स्थान के लिए चार टीमों के बीच जंग, जानिए समीकरण

नई दिल्ली। कोलकाता को अपना अगला मुकाबला 11 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम यह मैच अपने होमग्राउंड पर खेलेगी। ऐसे में टीम के जीतने की संभावना अधिक है। आईपीएल 2024 के 57 मुकाबले खेले जा चुके हैं। बुधवार को हैदराबाद ने लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। हालांकि, अब तक किसी भी टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं किया है। अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स पहले और राजस्थान रॉयल्स दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों ने 11 मुकाबले खेले हैं और आठ मैच जीते हैं। दोनों टीमों के खाते में 16–16 अंक हैं। कोलकाता के पास सुनहरा मौका कोलकाता को अपना अगला मुकाबला 11 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम यह मैच अपने होमग्राउंड पर खेलेगी। ऐसे में टीम के जीतने की संभावना अधिक है। शाम 7रू30 बजे से खेले जाने वाले मैच में अगर केकेआर जीतती है तो 18 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लेगी और इस सीजन की पहली टीम बन जाएगी। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ना है। यह मैच चेन्नई के चेपॉक में होगा जिसमें जीत दर्ज करना संजू सैमसन के लिए थोड़ा कठिन है। सीएसके का अपने घरेलू मैदान पर दबदबा है। वहीं, अगर टीम यह मैच जीत भी लेती है तो नेट रनरेट की वजह से कोलकाता के बाद ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी। राजस्थान को रहना होगा केकेआर की हार पर निर्भर शनिवार को खेले जाने वाले मैच में अगर कोलकाता को करारी शिकस्त मिलती है तो राजस्थान के पास चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने का मौका होगा। दिलचस्प बात है कि केकेआर और राजस्थान के बीच प्लेऑफ से ज्यादा अंक तालिका में शीर्ष पर रहने की जंग छिड़ी है। मौजूदा समय में कोलकाता का पलड़ा भारी है। इसका सबसे बड़ा कारण उनका नेट रनरेट है जो कि. 1.453 है। वहीं, राजस्थान का नेट रनरेट. 0.476 है। तीसरे–चौथे स्थान के लिए इन टीमों में जंग पहले और दूसरे स्थान के अलावा चार टीमों के बीच तीसरे और चौथे पायदान के लिए जंग छिड़ी है। फिलहाल तीसरे स्थान पर हैदराबाद है जिसके खाते में 14 अंक हैं। वहीं, चेन्नई सुप किंग्स चौथे पायदान पर है जिसने 11 में से छह मैचों में जीत हासिल की है और टीम के खाते में 12 अंक हैं। पांचवें और छठे पायदान पर क्रमशरू दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स है। दोनों टीमों के खाते में 12 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर के लिए इन चारों टीमों के बीच कड़ी टक्कर है। इनके अलावा आरसीबी, पंजाब, मुंबई और गुजरात आठ–आठ अंकों के साथ क्रमशरू सातवें, आठवें, नौवें और दसवें स्थान पर है। मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। वहीं, बाकी तीन टीमों की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद ना के बराबर है। आईपीएल 2024 की अंक तालिका टीम मैच जीत हार अंक नेट रनरेट कोलकाता नाइट राइडर्स 11 08 03 16. 1.453 राजस्थान रॉयल्स 11 08 03 16. 0.476।

### रोचक हुई आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की दौड़

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +0.476 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 05 | 12 | +0.700 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 06 | 06 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 12 | 06 | 06 | 12 | -0.769 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.049 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.212 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 04 | 07 | 08 | -1.320 |



## कगिसो रबाडा के पॉडकास्ट के बीच अचानक हुई विराट कोहली की एंट्री

धर्मशाला में आज यानी 9 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में विराट कोहली के फैंस एक बार फिर धमाकेदार प्रदर्शन का इंतजार कर रहे हैं। कोहली मैदान के अंदर और बाहर अपने नटखट अंदाज के आपने कई वीडियो देखे होंगे। वह अक्सर टीम का माहौल खुशनुमा बनाए रखने के लिए साथी खिलाड़ियों के साथ मजाक–मस्ती करते दिखते हैं। वहीं कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कोहली ने कगिसो रबाडा के चलते पोडकास्ट में स्पेशल एंट्री लेते हैं और महफिल लूट जाते हैं। बता दें कि, पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अपने होटल रूप में पॉडकास्ट कर रहे होते हैं। पॉडकास्ट पर उनसे पूछा जाता है कि मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट में कौन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इतने में विराट कोहली की एंट्री होती है तो वह रबाडा के आगे डांस करने लगते हैं। रबाडा पॉडकास्ट पर बताते हैं कि विराट कोहली उनके सामने ही खड़े हैं और डांस कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें पॉडकास्ट पर बुलाने की गुजारिश की जाती है। कोहली कुछ सेकंड के लिए स्क्रीन पर आते हैं और महफिल लूट जाते हैं। पंजाब किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आज वर्चुअल नॉकआउट मुकाबला खेला जाना है। दरअसल, दोनों टीमें प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए आज लड़ाई लड़ेंगी। इनमें से जो टीम आज हारेगी वो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। वहीं हारने वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी रहेगी। आरसीबी आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में 7वें तो पंजाब 8वें पायदान पर है।

## लखनऊ के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद ने 58 गेंदों में चेज किया 166 रनों का टारगेट, ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की बेहतरीन पारी

आईपीएल 2024 के 57वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी है। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पारी लड़खड़ाने के बाद 4 विकेट पर 165 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने विस्फोटक पारी खेलते हुए सिर्फ 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर टीम को बेहतरीन जीत दिलाई। ैत के जीतने के साथ ही मुंबई इंडियंस की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। वहीं लखनऊ ने आयुष बदोनी के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 165 रन बनाए हैं। इसके जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने दमदार शुरुआत करते हुए पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 107 रन बनाए। लखनऊ ने पारी की शुरुआत में लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए लेकिन आयुष बदोनी और निकोलस पूरन के बीच 5वें विकेट के लिए 99 रन की हुई साझेदारी की बदौलत लखनऊ की टीम 160 का स्कोर पार करने में कामयाब हुई। बदोनी ने 55 रन बनाए। पूरन 48 रन बनाकर नाबाद लौटे। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवाया। क्विंटन डिकॉक 5 गेंद में दो रन ही बना सके। मार्कस स्टोयनिस 5 गेंद में तीन रन बनाकर आउट हुए। कप्तान केएल राहुल ने 33 गेंद में 29 रन बनाए। क्रुणाल 24 रन बनाकर रन आउट हुए। इसके बाद बदोनी और पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिए 52 गेंद में 99 रन की नाबाद साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत लखनऊ की टीम ने 165 रन बनाए। पूरन 26 गेंद में 48 और आयुष बदोनी 30 गेंद में 55 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच भिड़ंत, यहां देखें दोनों की प्लेइंग 11

आईपीएल 2024 का 57वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला जा रहा है। जहां लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। वहीं दोनों ही टीमों ने अपनी प्लेइंग इलेवन में दो–दो बदलाव किए हैं। लखनऊ की ओर से मोहसिन खान और एश्टन टर्नर बाहर हुए हैं।

# गिरावट के बाद सोने–चांदी की कीमतों में हुआ बड़ा बदलाव

नयी दिल्ली। घरेलू वायदा बाजार में बुधवार सुबह सोने की कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.08 फीसदी की तेजी के साथ 71,203 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वैश्विक स्तर पर भी सोने में बढ़त दिखी। एमसीएक्स पर मंगलवार को सोने–चांदी की कीमतों में गिरावट रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) मंगलवार को 72,450 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपए अधिक है।''गांधी ने कहा, ''इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ती भू–राजनीतिक चिंताओं ने भी सोने को समर्थन दिया। गाजा में लड़ाई को समाप्त करने के लिए हमास




समर्थित संघर्षविराम प्रस्ताव को इजरायल द्वारा अस्वीकार किए जाने से सेफ हैवन एसेट्स की मांग बढ़ गई।''घरेलू वायदा बाजार में सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 83,030 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी का हाजिर भाव 700 रुपए के उछाल के साथ 85,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ।वैश्विक स्तर की बात करें, तो बुधवार सुबह कॉमेक्स पर सोना 0.03 फीसदी या 0.80 डॉलर की बढ़त के साथ 2,325 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.18 फीसदी या 4.21 डॉलर की बढ़त के साथ 2,318.31 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। चांदी की वैश्विक कीमतों में भी तेजी देखने को मिली हैं। कॉमेक्स पर वैश्विक चांदी 0.22 फीसदी या 0.06 डॉलर की बढ़त के साथ 27.60 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। वहीं, चांदी हाजिर 0.58 फीसदी या 0.16 डॉलर की बढ़त के साथ 27.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब सिलहट में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित सीरीज में 5–0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है। वहीं भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

# अंकिता लोखंडे

## ने करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 को किया रिजेक्ट




अभिनेत्री के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 की पेशकश की गई थी, जो एक वेब सीरीज होगी, लेकिन उन्होंने करण जौहर के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का अवसर उन कारणों से ठुकरा दिया, जो उन्हीं को पता है। इस कारण का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। बिग बॉस 17 में अपने सफल कार्यकाल के बाद अंकिता लोखंडे सफलता की राह पर हैं। न्यूज18 शोशा को विशेष रूप से पता चला है कि अभिनेत्री को हाल ही में करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 की पेशकश की गई थी। हालांकि, श्पवित्र रिश्ताश स्टार ने इसे अस्वीकार कर दिया है। अभिनेत्री के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 की पेशकश की गई थी, जो एक वेब सीरीज होगी, लेकिन उन्होंने करण जौहर के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का अवसर उन कारणों से ठुकरा दिया, जो उन्हीं को पता है। इस कारण का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। अंदरूनी सूत्र ने बताया हां, अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के लिए संपर्क किया गया था। मैं उस भूमिका के बारे में निश्चित नहीं हूं जो उन्हें ऑफर की गई थी, लेकिन उनसे यह जरूर पूछा गया था कि क्या वह ैव्ल् फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन सकती हैं। हालाँकि, उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है और उनके निर्णय के पीछे का कारण कोई नहीं जानता। पहली स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म 2012 में रिलीज हुई थी और इसने इंडस्ट्री में तीन नए कलाकारों – आलिया भट्ट, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन को लॉन्च किया था। फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी जिसमें टाइगर श्रॉफ, अनन्या पांडे और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे।



लेकिन इस बार स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 कोई फिल्म नहीं बल्कि एक वेब सीरीज होगी। इस साल अप्रैल में, करण जौहर ने चंडीगढ़ में सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (ब्प्थ्) के दौरान इसकी पुष्टि की, जब उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आगामी वेब श्रृंखला का निर्देशन नॉक्टर्नल बर्गर फेम रीमा माया द्वारा किया जाएगा। "स्टूडेंट ऑफ द ईयर के डिजिटल संस्करण का निर्देशन रीमा माया करेंगी। लेकिन यह उसका तरीका होगा और निश्चित रूप से मेरा नहीं क्योंकि अगर मैं रीमा माया की दुनिया में प्रवेश करूंगा, तो मैं इसे और अधिक भ्रम बना दूंगा, जो कि उसके नाम का अर्थ है। मैं बस यही चाहता था कि यह उसकी आवाज हो। उन्होंने इसे अपनी श्रृंखला बना लिया,श्श उन्होंने कहा। कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि केजेओ स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में शनाया कपूर और इब्राहिम अली खान को कास्ट करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, अंकिता लोखंडे को हाल ही में फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में देखा गया, जिसमें मुख्य भूमिका में रणदीप हुडा भी थे। 22 मार्च को रिलीज हुई यह फिल्म विनायक दामोदर सावरकर और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके योगदान पर आधारित है। इसके अलावा हाल ही में अंकिता का उनके बिजनेसमैन पति विक्की जैन के साथ म्यूजिक वीडियो भी रिलीज हुआ था।




## लाल जोड़े में दुल्हन बनीं नजर आईं तापसी पन्नू

तापसी पन्नू और लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड और बैडमिंटन प्लेयर माथियास बो ने मार्च में उदयपुर में शादी की। बुधवार को, तापसी के संगीत का एक वीडियो उनके शादी के डिजाइनरों द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किया गया था और इसमें बहुत सारे स्टेटमेंट झूमर थे।तापसी पन्नू और लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड और बैडमिंटन प्लेयर माथियास बो ने मार्च में उदयपुर में शादी की। बुधवार को, तापसी के संगीत का एक वीडियो उनके शादी के डिजाइनरों द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किया गया था और इसमें बहुत सारे स्टेटमेंट झूमर थे। पूरे आयोजन स्थल को अनगिनत प्रकाश जुड़नार से जगमगाया गया था और भव्य फूलों की स्थापना से सजाया गया था। मेमेंटोस बाय आईटीसी होटल्स, एकाया उदयपुर में संगीत सजावट का वीडियो साझा करते हुए, द वेडिंग फैक्ट्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, षविशेष रूप से तापसी पन्नू और माथियास बो की संगीत रात में कदम रखें! प्रवेश द्वार पर स्टारडस्ट और प्यार के साथ सभी चीजें जादू मिश्रित थीं।

# क्राइम वेब सीरीज देखकर बनाया प्लान

नोएडा, (यूएनएस)। ग्रेटर नोएडा में कारोबारी के नाबालिग बेटे का अपहरण और हत्या ब्याज के पैसे और होटल हथियाने के लिए की गई थी। नोएडा पुलिस ने 3 आरोपियों के एनकाउंटर के बाद ये खुलाया किया। मुठभेड़ में एक आरोपी को गोली लगी है। जबकि पुलिस ने 2 को दौड़ाकर पकड़ा। घायल बदमाश का नाम भी कुणाल है। हिमांशु और मनोज गिरफ्तार हैं। मनोज होटल कारोबारी का रिश्तेदार है। पुलिस ने बताया– एक क्राइम वेब सीरीज देखकर मनोज और हिमांशु ने प्लानिंग की। पुलिस को गुमराह करने के लिए अपना भेष बदला, गाड़ी चेंज की। घटना के समय हिमांशु गाड़ी चला रहा था। तन्वी और आरोपी कुणाल ने कारोबारी के बेटे कुणाल (मृतक) को घ्गाड़ी में बैठाया। उस समय आरोपी कुणाल पैर से विकलांग होने की एक्टिंग करता रहा। बुधवार रात बीटा–2 थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुणाल की हत्या के आरोपी फिर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले हैं। पुलिस ने बुधवार देर रात ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। इसी बीच एक कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाश गाड़ी लेकर भागने लगे। पुलिस पीछा करने लगी तो बदमाशों ने फायरिंग की। कुछ दूर जाकर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसके बाद तीनों आरोपी फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश कुणाल के पैर में गोली लगी। वह गिर पड़ा। मुठभेड़ के दौरान मनोज और हिमांशु फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने एरिया को घेरकर तलाशी ली। तब दोनों आरोपी पकड़े गए। पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी और तमंचा बरामद किया है।हिमांशु ने कुणाल के पिता से ढाई लाख रुपए लिए थे। कुणाल हिमांशु से पैसे वापस मांगता था। लेकिन हिमांशु उसे पैसे वापस नहीं देना चाहता था। इसके बाद हिमांशु ने मनोज को सारी बात बताई। फिर दोनों ने मिलकर कुणाल की हत्या का प्लान बनाया। दोनों ने नेटफ्लिक्स पर एक क्राइम वेब सीरीज देखी। करीब एक महीने तक प्लान तैयार किया। इस प्लान में हिमांशु ने अपने दोस्त कुणाल और उसकी महिला मित्र तन्वी को शामिल किया। तन्वी एमबीबीएस कर रही है। कासना सीएमजी पंप के पास कृष्ण कुमार का शिवा नाम से होटल है। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। कुणाल सबसे छोटा था। कृष्ण कुमार की बेटी की 10 मई को शादी है। इसी सिलसिले में 2 दिन के लिए बाहर गए थे। होटल पर बेटा कुणाल बैठा था। बुधवार दोपहर 2 बजे स्कोडा कार आई। उसमें कई लोग सवार थे। कार से एक महिला उतरी और होटल के अंदर गई। वह कुणाल को साथ ले आई और गाड़ी में बैठाकर ले गई। 5 मई को घर से 70 किलोमीटर दूर बुलंदशहर में नहर में कुणाल की बॉडी मिली। 1 मई को शाम 4 बजे पुलिस को कुणाल के अपहरण की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी चेक किया, मगर होटल का सीसीटीवी खराब था। पुलिस ने आस–पास लगे सीसीटीवी चेक किए। इनसे पता चला कि स्कोडा कार से कुणाल का अपहरण किया गया। एक महिला कार से उतरती है। उसके साथ एक आदमी भी होता है। महिला होटल के अंदर जाती है। दो मिनट बाद कुणाल को साथ लेकर बाहर आती है। जबरन कार में डालकर फरार हो जाती है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात महिला और अन्य के खिलाफ बीटा–2 थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। कुणाल की बॉडी मिलने के 36 से 48 घंटे पहले उसकी मौत हो गई थी। यानी अपहरण के तीसरे दिन ही हत्या कर दी गई थी। डॉक्टरों को कुणाल के शरीर पर 12 जगह घाव के निशान मिले। सबसे ज्यादा घाव पीठ पर हैं। 5 जगह गहरे जख्म मिले। शरीर के अगले हिस्से में 6 जगह घाव हैं। चोट का एक निशान चेहरे पर भी है। सभी जगह किसी नुकीली चीज से मारा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, कुणाल की मौत दम घुटने से हुई है। कुणाल के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कुछ लोग मेरे बेटे का अपहरण करके ले गए। मैं तो यहां पर था ही नहीं। मेरी बिटिया की शादी थी। काम से बाहर गया था। मेरा बेटा होटल पर था। तभी कार से कुछ लोग आए, एक महिला भी थी। वह मेरे बच्चे को फुसलाकर ले गई। मैंने पुलिस को सूचना दी, पर पुलिस ने मेरी नहीं सुनी। मेरे गांव के लोगों ने प्रेशर बनाया, तो रिश्तेदारों को ही उठा लिया। रातभर उन पर पट्‌टे बरसाए। इसके बाद मेरे होटल पर छोड़कर चले गए। इसमें से एक की हालत गंभीर है।हम बेटी की शादी कर रहे थे। पूरा घर खुश था। खरीदारी चल रही थी। बिटिया के लिए जेवर भी खरीद लिए थे। कुणाल अपनी बहन की शादी को लेकर सबसे ज्यादा खुश था। छोटा होने की वजह से बिटिया भी उसे बहुत मानती थी। वह बहन की शादी के लिए नए कपड़े खरीदने वाला था। उसे तो बस 10 मई का इंतजार था। 4 दिन से बेटे की तलाश में इधर–उधर भटक रहा था। कभी थाने के चक्कर लगा रहा था, तो कभी रिश्तेदारी के, लेकिन बेटे का कहीं पता नहीं चला। अब मेरे बेटे की लाश मिली। बेटी की शादी करने की बजाय बेटे की चिता जलाकर लौट रहा हूं। समझ नहीं आ रहा किन दरिंदों ने मेरे बेटे को इतनी बेरहमी से मार दिया? उसने उनका क्या बिगाड़ा था? किसी को प्रॉपर्टी या कोई विवाद था, तो मुझसे सीधे बात करता। बच्चों का क्या कसूर है?

## चेकिंग में टीम ने दो स्थानों से पौने चार लाख किए जब्त

उरई/जालौन, (यूएनएस)। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने व आचार संहिता के अनुपालन को लेकर चलाए जा रहे अभियान में बुधवार की रात चुर्खी थाना पुलिस व एफएसटी टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी चुर्खी के कस्तूरबा तिराहे के पास पुलिस ने एक लग्जरी कार को रोका और उसकी तलाशी ली तो कार से टीम को 1 लाख 96 हजार 500 रुपये मिले। टीम ने जब कार सवार कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के भाल निवासी प्रिंस उर्फ दिग्विजय व चालक चुर्खी निवासी शैलेंद्र सिंह से रुपयों के बारे में पूछताछ की तो वह जरूरी कागजात नहीं दिखा सके। जिस पर रुपयों को जब्त कर लिया गया। वहीं सिरसाकलार क्षेत्र में बीडीओ प्रशांत कुमार प्रथम ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रपाल की कार से एक लाख 70 हजार रुपये का कैश बरामद किया है। जब रुपये से संबंधित उनसे जानकारी मांगी तो वह कुछ नहीं बता सके। थाना प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि कैश से संबंधित कागजात न मिलने पर उसे जमा करा दिया गया है। जांच की जा रही है।

## बछरावां में बोलीं प्रियंका गांधी,जनता को गुमराह करती है भाजपा

रायबरेली, (यूएनएस)। रायबरेली दौरे के तीसरे दिन प्रियंका गांधी ने बुधवार को चुनावी प्रचार का आगाज किया है। रायबरेली संसदीय सीट से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव मैदान में है। बछरांवा विधानसभा से प्रियंका गांधी ने प्रचार अभियान शुरू किया। सबसे पहले वह थुलवासा में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। न्याय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रायबरेली से उनके परिवार का पुराना रिश्ता है। सामाजिक मुद्दों को लेकर आक्रमक प्रियंका गांधी भाजपा पर हमलवार रही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम जनता को गुमराह करने का काम किया है। हमारी सरकार आएगी तो आशा वर्कर, मनरेगा आदि कर्मचारियों का मानदेय करेंगे दुगना करेंगे। अंग्रेजी सरकार के समय से पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ जुड़ा संबंध अभी भी है जीवंत है। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा भाजपा ने आम जनता को गुमराह करने का किया काम है। हमारी सरकार आएगी तो आशा वर्कर, मनरेगा आदि कर्मचारियों का मानदेय दोगुना करेंगे। कर्ज माफी के लिए स्थायी आयोग बनायेंगे। जीएसटी की समस्या दूर करेंगे। भाजपा के लोग चुनाव के पहले 200 रूपये सिलेंडर का दाम कम करके दे लॉलीपॉप दे रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि इस जिले से हमारा पुराना नाता है। ब्रिटिश गवर्नमेंट के समय से पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ जुड़ा संबंध अभी भी जीवंत है। प्रियंका ने भाजपा पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी को विजई बनाने की अपील की। कहा राहुल गांधी को जिताएंगे तो आपको दो–दो सांसद मिल जायेंगे। उनके साथ मैं भी रहूंगी। मिलकर आपकी समस्याओं को दूर करूँगी। प्रियंका गांधी आज दर्जनों नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी।

## प्रेक्षक ने अफसरों से शत प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करने और पारदर्शी चुनाव कराने की अपील की

प्रतापगढ़ लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग से नामित कौशाम्बी और प्रतापगढ़ सीट के सामान्य प्रेक्षक ने विकास भवन सभागार मे अफसरों के साथ समीक्षा बैठक कर चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षक ने अफसरों से शत प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करने और पारदर्शी चुनाव कराने की अपील की। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के समान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति और कौशाम्बी के सामान्य प्रेक्षक डॉ. विशाल आर विकास भवन सभागार में जिले के अफसरों से रूबरू हुए। बीते चुनावों में मतदान का प्रतिशत होने की जानकारी पर कहा कि अफसर मतदान प्रतिशत बढ़वाने का प्रयास करें। चुनाव के दौरान जहां भी छोटी छोटी खामियां रहीं हो उसे पहले से दुरुस्त करा लें। संवेदनशील और अति संवेदनशीन बूथों पर कड़ी निगरानी रखें। मतदेय स्थल पर पोलिंग पार्टी में शामिल कर्मचारियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया सेल पर आपत्तिजनक खबरें प्रसारित होने पर उसका निस्तारण तत्काल कराएं। एसपी सतपाल अंतिल ने सुरक्षा की दृष्टि से लोकसभा चुनाव के लिए की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुअन विश्वकर्मा, डीडीओ राकेश प्रसाद, सभी प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

## खारे-पानी की वजह से साल में एक-बार बनती है दाल

बांदा, (यूएनएस)। बांदा में नदी किनारे बसे गांव में पानी की समस्या सबसे बड़ी है। जहां की आबादी लगभग 5000 हैं और 15 से 16 हैंड पंप लगे हुए हैं, लेकिन ज्यादातर हैंडपंप खराब है और जो सही है उनमें खारा पानी निकलता है। विधायक निधि से यह नदी किनारे एक नलकूप लगाया गया है, लेकिन उसमें भी तीन दिन में पानी मिलता है। पूरे गांव में एक ही नल में पानी आता है, लेकिन वह भी खारा आता है, और ग्रामीणों का कहना है कि मीठा पानी न होने से घरों में साल में एक से दो बार दाल बन पाती है। आज हम बात कर रहे हैं बांदा जनपद के अछरौड़ गांव की। जहां की आबादी लगभग 5000 है, लेकिन ग्रामीण मीठे पानी के लिए तरसते हैं। ग्रामीणों को लगभग 1 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। तब जाकर उनको मीठा पानी मिल पाता है। गांव में केवल एक नल लगा हुआ है, जिसमें खारा पानी निकलता है और लोग मीठा पानी पीने के लिए गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर जाते हैं और कुएं से पानी लेकर आते हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर जल जीवन मिशन के तहत लाइन बिछाई गई है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। यहां पर खारे पानी की वजह से साल में एक से दो ही बार दाल बन पाती है, कारण यह है कि खारे पानी से कपड़े खराब होते हैं साथ ही खाना भी सही से नहीं बन पाता है। विधायक निधि से नदी किनारे एक ट्यूबवेल लगाया गया था, जिसमें तीन–तीन दिन तक पानी नहीं आता है और गांव में चार पुराने कुएं भी हैं, लेकिन 2 ही कुएं सही है जो मीठा पानी देते हैं, लेकिन वह भी गांव से दूर है।जल स्तर गिरने से यह सूख गए हैं। दूर बने कुएं में ग्रामीण साइकिल की मदद से कुएं से पानी लेकर अपने घर आते हैं स्थिति यह है कि यहां मीठा पानी न होने की वजह से लोगों के घर में साल में एक से दो ही बार दाल बन पाती है। ग्रामीण महिला सुमतिया ने बताया कि जहां पर एक तालाब है जो की बहुत ही गंदा है लोग उसमें अपने गेहूं होते हैं और बच्चे उसी में नहाते हैं, जिससे कि यहां पर बीमारियां भी बढ़ रही है। बांदा जल संस्थान के इंजीनियर राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि आज हमने गांव का निरीक्षण किया है, तो गांव वालों ने बताया कि जो हैंडपंप लगे हैं तो खारा पानी देते हैं, जिस पर हम नलकुप से पानी दे रहे हैं, जिसके पानी को हमने लखनऊ से चेक भी कराया है।

## एलिवेटड के चौथे फेज का काम आज से शुरू होगा,नोएडा ट्रैफिक विभाग ने जारी किया डायवर्जन

नोएडा, (यूएनएस)। सेक्टर–60 से सेक्टर–18 तक एलिवेटिड मार्ग पर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा रि–सरफेसिंग (मरम्मत) का कार्य किया जा रहा है। इसके चौथे फेज का काम 10 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। इसमें एलिवेटिड मार्ग पर सेक्टर–31द25 से सेक्टर–18 तक रि–सरफेसिंग का कार्य किया जाना है। इसके चलते एलिवेटिड मार्ग पर सेक्टर–31द25 से सेक्टर–18 तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सेक्टर–60 अंडर पास से सेक्टर–33 इस्कॉन मंदिर तक एलिवेटिड मार्ग पर दिन के समय यातायात का संचालित रहेगा। असुविधा होने पर हैल्प लाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है। वहीं रि–सरफेसिंग कार्य होने के कारण सेक्टर–31/25 एलिवेटिड मार्ग से सेक्टर–18 होते हुए डीएनडी,चिल्ला,नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे,परी चौक की ओर जाने वाले यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। आमजन असुविधा से बचने के लिए ऑप्शनल मार्ग का प्रयोग कर सकते है।सेक्टर–33 इस्कॉन मन्दिर से सेक्टर–31द25 चौक होकर सेक्टर–18, नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर–35 मोरना होकर एमपी–3 मार्ग से अपने गंतव्य को जा सकेगा। सेक्टर–33 इस्कॉन मन्दिर से सेक्टर–31द25 चौक होकर सेक्टर–18, चिल्लाध्डीएनडी की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर–31द25 चौक से पूर्व यू–टर्न कर एडोब चौक से स्टेडियम चौक होकर एमपी–1 मार्ग से अपने गंतव्य को जा सकेगा। सेक्टर–67द थाना फेस–3 की ओर से एलिवेटिड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर–18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–60 अंडर पास के ऊपर से लेफ्ट टर्न कर, एमपी–3 मार्ग (होशियार पुर, सिटी सेन्टर, सेक्टर–37द बॉटनिकल गार्डन) से अपने गंतव्य की ओर जा सकेगे।सेक्टर–62ध्मॉडल टाउन, एनएच–24 की ओर से एलिवेटिड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर–18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–60 अंडर पास से होकर, सेक्टर–71द52 होते हुए एमपी–03 मार्ग (होशियार पुर, सिटी सेंटर, सेक्टर–37द बॉटनिकल गार्डन) का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगें। सेक्टर–71 की ओर से एलिवेटिड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर–18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–52 मैट्रो होते हुए एमपी–3 मार्ग (होशियार पुर, सिटी सेंटर, सेक्टर–37द बॉटनिकल गार्डन) का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगें।किसान चौक, पर्थला की ओर से एलिवेटिड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर–18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–71 अंडर पास होकर एमपी–3 मार्ग (होशियार पुर, सिटी सेंटर, सेक्टर–37ध्बॉटनिकल गार्डन) का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा।

भव्य प्रभात

# धनबल दल

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय के छापे में झारखंड की राजधानी रांची में राज्य सरकार के एक मंत्री के निजी सचिव के सहायक के घर से करोड़ों रुपये के ढेर बरामद होना, हर नागरिक को परेशान कर गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि यह धन कैसे जुटाया गया होगा और चुनाव के दौरान इसकी क्या भूमिका हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि एक अदने से आदमी के घर इतना धन कैसे पहुंचा? कौन इस खेल के खिलाड़ी हैं? पैसा किसका था? निस्संदेह, ऐसे तमाम सवाल आम नागरिकों को परेशान करते हैं। हालांकि,यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े एक मामले में हुई थी, जिसे पिछले वर्ष ईडी ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का एक हिस्सा मंत्री के निजी सचिव व उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा था। जाहिर बात है कि सचिव व सहायक तो मात्र मोहरे हैं और बड़े स्तर के संरक्षण के बिना नोटों के अंबार नहीं लगाये जा सकते। प्रकरण यह भी बताता है कि कैसे विकास कार्यों का पैसा उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से राजनेताओं तक पहुंचता है। बहरहाल, हाल के दिनों में आम चुनाव की प्रक्रिया में चुनाव आयोग की सख्ती के चलते भारी मात्रा में जो नगदी आदि बरामद की गई है, वह भी चौंकाने वाली है। पहले चरण के मतदान से पूर्व चार हजार छह सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो चुकी थी। यह बरामदगी आजाद भारत के आम चुनावों के दौरान हुई सबसे बड़ी बरामदगी है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो रही है। इस बरामदगी में पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा मादक पदार्थों का रहा है। जाहिर है ये नगदी, सामान व नशीले पदार्थ मतदाताओं को बहकाने,भ्रमित करने व लुभाने के लिये ही ले जाए जा रहे थे। ये कोशिशें धनबल के जरिये चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की हो रही थीं।यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव के दौरान काले धन को सफेद करने की कवायदें खासी तेज हो जाती हैं। इस कालेधन का महज एक छोटा हिस्सा ही चुनाव आयोग और दूसरी नियामक एजेंसियों की नजर में आता है। राजनीतिक दल भी पांच साल तक ज्ञात–अज्ञात स्रोतों से अर्जित धन को चुनावी चंदा बताकर मतदाताओं को बहकाने–लुभाने में खर्च करते रहे हैं। बहुत सारे अनैतिक धंधों से जुड़े लोग भी चुनाव के दौरान जीतने वाले राजनीतिक दल या प्रत्याशी को आर्थिक सहायता देकर बाद में मोटा मुनाफा हासिल करते हैं। यह विडंबना ही है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपनी चुनाव प्रणाली को पारदर्शी व स्वतंत्र नहीं बना सके। यही वजह है कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संदिग्ध धन का उपयोग कई तरीके से किया जाता रहा है। हाल के दिनों में शीर्ष अदालत की सक्रियता से चुनावी बॉन्डों के लेनदेन में जो विसंगतियां उजागर हुई उसे सारे देश ने देखा। कैसे दागदार कंपनियां भी चुनावी बॉन्ड खरीदकर पाक–साफ बनी और बड़ी योजनाएं हासिल करने में सफल हुई। जाहिर है कि बड़ी कंपनियां राजनीतिक दलों के चंदे में निवेश इसी मकसद से करती हैं कि जब उनकी सरकार बने तो मुनाफे के शार्टकट हासिल किये जा सकें। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की कारगुजारी पर नजर रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं ने कई ऐसे रुझान उजागर भी किये। इस मामले में अदालतों के अलावा चुनाव आयोग को भी अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप लोकतंत्र को प्रभावित करने वाले धनबल पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कदम उठाने होंगे। इस दौरान उन सरकारी अधिकारियों पर भी निगाह रखी जानी चाहिए जो अनुचित ढंग से राजनीतिक दलों को मदद करने का प्रयास करते हैं। उनकी कोशिश होती है कि भविष्य में उस दल की सरकार बनने पर मलाईदार पद व मनचाही पोस्टिंग हासिल की जा सके। आयोग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुचित धन के प्रवाह पर अंकुश लगाने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान मादक पदार्थों व शराब की बड़ी मात्रा में बरामदगी भी गंभीर चिंता का विषय है। चुनाव आयोग की शक्तियों के विस्तार की भी जरूरत महसूस की जा रही है।

# एक ही मुखड़े पर अटके मोदी के सुर

**सर्वमित्रा सुरजन**

देश में सात चरणों में हो रहे मतदान में तीन चरण पूरे हो चुके हैं और अब बचे चार चरणों के लिए राजनैतिक दलों के प्रचार जोरों पर हैं। दूसरे चरण के मतदान 26 अप्रैल को हुए थे और तीसरे चरण के 11 दिन बाद 7 मई को, इन 10–11 दिनों के अंतराल में राजनैतिक घटनाक्रम में तेजी से बदलाव आए। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। राहुल गांधी एक बार फिर से उत्तरप्रदेश से उम्मीदवारी के लिए तैयार हुए। कांग्रेस ने उन्हें अपनी मां सोनिया गांधी की संसदीय सीट को संभालने का जिम्मा सौंपा है, वहीं उनकी पहले की सीट अमेठी से कांग्रेस ने इस बार गांधी परिवार के नजदीकी के एल शर्मा को खड़ा किया है। प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल और राजनैतिक सहयोगी के एल शर्मा के लिए जमकर प्रचार कर रही हैं। बीते सोमवार 6 मई से प्रियंका अमेठी और रायबरेली में हैं और 18 मई तक उनका यहीं रहने का इरादा है। 20 मई को पांचवे चरण के मतदान में अमेठी और रायबरेली की सीटें भी शुमार हैं। कांग्रेस इस बार अपनी इन दोनों सीटों को फिर से हासिल करने की तैयारी में है। भाजपा को उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस उत्तरप्रदेश में कुछ ऐसा दांव खेल जाएगी, क्योंकि भाजपा ने अमेठी को अपने लिए सुरक्षित सीट मान लिया था और सोनिया गांधी की गैरमौजूदगी में रायबरेली पर भी कब्जा करने की तैयारी उसकी थी। लेकिन कांग्रेस ने एक तीर से इस बार कई शिकार कर लिए। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी में स्मृति ईरानी के लिए अब जीतना कठिन हो गया है और हारने पर उनके सियासी भविष्य के लिए संकट होगा, क्योंकि जनता के बीच संदेश जाएगा कि वे कांग्रेस के एक साधारण कार्यकर्ता से हार गईं। वहीं रायबरेली से भी अगर राहुल गांधी की जीत होती है तो फिर वे वायनाड या रायबरेली किसी एक सीट को छोड़ सकते हैं और मुमकिन है उसके उपचुनाव में प्रियंका गांधी को खड़ा कर दिया जाए।इस तरह कांग्रेस के लिए हर तरफ से जीत है, जबकि भाजपा के लिए इसमें नुकसान है। अमेठी में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे इस माहौल के बीच ही रविवार रात कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़–फोड़ की गई और कुछ लोगों को चोट भी पहुंचाई गई है। यह कृत्य किसका है, फिलहाल इसकी जांच ही चल रही है, लेकिन अमेठी में इससे पहले कभी इस तरह चुनावों के वक्त किसी राजनैतिक दल पर हमले की घटनाएं नहीं हुई हैं। इस बार क्यों हुई हैं, यह विचारणीय है। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की बढ़त बनाने की रणनीति के साथ–साथ हरियाणा से भी भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं आई। वहां तीन निर्दलीय विधायकों दादरी से सोमबीर सांगवान, पुंडरी से रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया और भाजपा की सरकार से हाथ पीछे खींच लिए, जिसके बाद नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जेजेपी के दुष्यंत चौटाला ने भी कांग्रेस को साथ देने की बात कही है ताकि वह सरकार बना सके। यानी भाजपा से एक और राज्य की सत्ता जा सकती है। वहीं तीसरे चरण के मतदान के दिन ही महाराष्ट्र में एनसीपी नेता शरद पवार ने बयान दिया कि कुछ क्षेत्रीय दल कांग्रेस में खुद को मिला सकते हैं और उसका समर्थन कर सकते हैं। इससे पता चलता है कि अब कांग्रेस के बढ़ते कद को दूसरे नेता भी स्वीकार करने लगे हैं। इधर उत्तर प्रदेश में तीन चरणों के मतदान के बाद खबरें आ रही हैं कि भाजपा को इस बार इंडिया गठबंधन से कड़ी टक्कर मिली है। जिस राज्य में भाजपा अपनी जीत का बड़ा आधार मान रही थी, वहां से उसे झटका मिला है। भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे मुकाबले में अब तक बसपा किसी के साथ नहीं थी, लेकिन मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अचानक अपने उत्तराधिकारी और पार्टी संयोजक आकाश आनंद को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया। मायावती ने आकाश आनंद की अपरिपक्व बताते हुए यह फैसला लिया। जबकि इस बार आकाश आनंद का बसपा के लिए प्रचार काफी सुर्खियां बटोर रहा था। लंदन से पढ़ाई करके आने के बाद अपनी बुआ की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने और दलितों के लिए राजनैतिक सत्ता की बात करने वाले आकाश आनंद अपने भाषणों में भाजपा पर तीखे प्रहार कर रहे थे। उनके भाषणों में वह धार मतदाताओं को दिख रही थी, जिसकी उम्मीद अब तक बहनजी से की जाती रही, लेकिन कई बरसों से निराशा ही मिल रही थी। दलितों से जुड़े अनेक गंभीर मामलों में बहनजी की चुप्पी उनके समर्थकों को अखर रही थी, लेकिन आकाश आनंद के कारण उनमें नया जोश भरा था। ऐसे में बसपा के लिए सीटें बढ़वाने की गुंजाइश बन रही थी, लेकिन शायद भाजपा की नाराजगी को भांपते हुए मायावती ने ऐसा फैसला ले लिया। तीसरे चरण के मतदान के दौरान और उससे पहले हुई इन सियासी घटनाओं के बीच ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका फार्मा कंपनी ने अदालत में स्वीकार किया कि उसकी बनाई कोरोना वैक्सीन के घातक साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसके बाद कंपनी ने दुनिया भर में भेजी गई अपनी वैक्सीन को वापस मंगाने का फैसला भी लिया। इसी कंपनी के फार्मूले पर भारत में कोविशील्ड बनी थी और वैक्सीन प्रमाणपत्र पर मोदीजी की तस्वीरें तो होती ही थीं। लेकिन अब सरकार ने वैक्सीन के प्रमाणपत्र से नरेन्द्र मोदी की फोटो हटा ली है। इसका मतलब यह समझा जा सकता है कि इलेक्टोरल बॉड के खुलासे की तरह कोविशील्ड के साइड इफेक्ट की बात से पर्दा उठना भाजपा के लिए महंगा पड़ चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में भी पहले चरण से लेकर तीसरे चरण तक कई बदलाव आ गए, हालांकि उसका मुखड़ा एक ही रहा। कांग्रेस की आलोचना करना श्री मोदी के भाषणों का स्थायी मुखड़ा रहता है और अंतरे में मंगलसूत्र, भैंस, राम मंदिर, बाबरी ताला अपनी सुविधा से लाते रहते हैं।



लेकिन बुधवार को उनके अंतरे ने सभी को चौंका दिया। इस बार अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि अडाणी, अंबानी का नाम अब वो नहीं ले रहे हैं, क्या उनके पास बोरियों में काला धन पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तेलंगाना में दिए इस भाषण के बाद प्रतिक्रियाओं का ढेर लग गया और सबमें लगभग एक जैसी ही राय दिखी कि क्या अब नरेन्द्र मोदी पर हार का डर इतना हावी हो गया है कि वे अडाणी–अंबानी के बारे में कह रहे हैं उन्होंने कांग्रेस की मदद की है। दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी को मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के साथ नजदीकी संबंध निभाते तो कई बार देखा गया, लेकिन इस दौरान विपक्ष ने जब भी सवाल उठाए कि देश की सार्वजनिक संपत्ति, सारे संसाधनों पर केवल दो लोगों को हक क्यों दिया जा रहा है। विकास का ये कौन सा गुजरात मॉडल है। आखिर श्री मोदी इन दो उद्योगपतियों पर इतने मेहरबान क्यों हैं। तो इन सवालों का कोई जवाब नरेन्द्र मोदी ने नहीं दिया। उन्होंने दावा किया था कि काला धन वापस ले आएंगे और नोटबंदी का मकसद भी यही था। लेकिन अब वे कह रहे हैं कि इन उद्योगपतियों से कांग्रेस को काला धन मिला है। यानी प्रधानमंत्री मोदी अपनी विफलता के साथ–साथ देश की जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठा गए। इलेक्टोरल बॉड के साथ शुरु हुए इस बार के चुनावी सफर में अब वो मुकाम आ गया है जहां नरेन्द्र मोदी अडाणी–अंबानी को अपने भाषण का हिस्सा बना रहे हैं। इस सफर में अभी कई मोड़, कई ऊंचे–नीचे रास्ते आना बाकी हैं। देखना होगा कि श्री मोदी के भाषणों में कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना के अलावा जनता से जुड़े मुद्दे भी शामिल होते हैं या उनके सियासी सुर एक ही मुखड़े पर अटके रहेंगे।

# रामद्रोही का पतन सुनिश्चित हैः योगी

शाहजहांपुर। जिले में सीएम योगी चुनावी रैली करने पहुंचे। उन्होंने कहा शाहजहांपुर में हनुमतधाम के बजरंगबली और भगवान परशुराम के धाम को कोटि–कोटि नमन करते हुए आप सभी ददरौल वासियों का ह्रदय से अभिनन्दन और स्वागत करता हूं। काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन की पावन धरा कोटि–कोटि नमन करते हुए सबका अभिनंदन करता हूं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के चेहरे से उड़ी हुई हवा इस बात को प्रदर्शित करता है। चुनाव के आधे स्वर में उन्होंने हार स्वीकार कर ली।

ये हार तो होनी ही थी। उनकी हार शाश्वत सत्य है। क्योंकि हमारा इतिहास गवाह है। कितना भी बड़ा क्यों न रहा हो, कितना ही शक्तिशाली क्यों न रहा हो, लेकिन अगर राम द्रोही है तो उसका पतन सुनिश्चित हुआ है।योगी ने कहा ये चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच में सीमित होकर आ गया है। आपने देखा होगा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले आज कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना है।आतंकवादियों को बिरियानी खिलाने वाले और आतंकवादियों की पैरवी करने वाले और माफिया और अपराधियों को अपने गले लगाने वाले जिन्होंने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस किया था, आज भी माफिया के मरने पर ये लोग फातिहा पढ़ने जाते हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं कि नया इतिहास बनाने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में 2024 का चुनाव पहुंच चुका है। आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। 3 चरण पूरे हुए 4 चरण बाकी हैं। लेकिन 285 सीटों पर अब तक चुनाव हो गए हैं। इतनी सीट पर चुनाव का मतलब अबकी बार आधी मंजिल पूरी कर ली और फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी सरकार के लिए आपसे अपील करने के लिए हम सब आए हैं। ददरौल में मेरा आना इसलिए भी हुआ है। इसका एक और कारण है। आपने बदलते हुए भारत को भी देखा है और बदलते हुए उत्तर प्रदेश को भी देखा है। दोनों आपके सामने हैं। 2014 के पहले का भारत दुनिया में सम्मान नहीं था। सुरक्षा तार तार थी। आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहे थे। विकास के कार्य ठप पड़े थे और भ्रष्टाचार चरम पर था। 2014 के बाद का भारत दुनिया के अंदर सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।अभी मैं फर्रुखाबाद बाद से आ रहा हूं। वहां दो वर्ष पहले गया था। वहां बैनर लगा था। उसमें लिखा था, फर्रुखाबादी चूसे गन्ना, एक्सप्रेस–वे ले गए खन्ना। हमने पूछा ये शब्द क्यों लगाया है। खन्ना जी हमारे प्रभारी मंत्री हैं और एक्सप्रेस–वे शाहजहांपुर लेकर चले गए। मैंने कहा चिंता मत करो, शाहजहांपुर से ही मैं आपके लिए एक्सप्रेस–वे का लिंक मार्ग दूंगा जो फर्रुखाबाद को भी जोड़ देगा। आपको तो डबल लाभ हो गया। दिल्ली जाने के लिए भी मेरठ–प्रयागराज एक्सप्रेस–वे और अगर आपको यहां से सीधे आगरा की तरफ जाना हो तो यही एक्सप्रेस–वे आपको मोड़ देगा। आज सड़कों का जाल किस रूप में बिछाया गया है। यहां आपके सामने है। कटरा विधानसभा के विधायक प्रिंस ने विधानसभा में प्रश्न लगाया था। हमारे यहां गंगा नदी में एक पीपे का पुल लगाया जाए। तब मैंने खन्ना से कहा था कि ये शाहजहांपुर से आपके ही विधायक है न, तब खन्ना ने बताया था कि ठाकुर रोशन सिंह का गांव है। तब मैंने कहा था कि इन विधायक जी को बुलाओ इनको पक्का पुल दे दो। पहले लोग भूख से मरते थे। आज 80 करोड़ लोग पेंशन की योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पहले स्वास्थ्य सुविधा नहीं थी और अगर कोई बीमार होता था तो पैसा भी नहीं था। आज 5 लाख रुपये की सुविधा हर वर्ष मिल रही है। अगर इन योजनाओं का लाभ किसी को नहीं मिला तो हमारे पदाधिकारी भी पत्र लिख देते हैं तो जरूरतमंदों का इलाज करा दिया जाता है। उनसे कहा जाता है आप चिंता मत करना। चिंता करने का काम सरकार का है, क्योंकि ये पैसा आपके उपचार में खर्च हो जाए। इससे बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है? आपने पिछले सात वर्ष में यूपी में दंगे का नाम सुना है क्या? आज दंगा नहीं होता है, यूपी में अब कर्फ्यू नहीं लगता है। यूपी में अब तो कांवड़ यात्रा निकलती है धूम धड़ाके से। अब तो अपराधी और माफिया अपने गले में तख्ती लटका करके चलते हैं। कहते है कि, एक बार बस जान बख्श दो हम ठेला लगाकर परिवार का पेट भर देंगे।

किसी से रंगदारी नहीं वसूलेंगे। बता दें कि शाहजहांपुर में लोकसभा और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा। शाहजहांपुर में भाजपा ने अरुण सागर को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। ददरौल विधानसभा से भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने विधायक के बेटे अरविंद सिंह को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में शाहजहांपुर की दोनों ही सीटे काफी अहम हैं, क्योंकि दोनों ही सीटे भाजपा के पास हैं और भाजपा किसी भी कीमत पर दोनों सीट बरकरार रखना चाहेगी। उसका कारण ये है कि, शाहजहांपुर में लोकसभा और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन तीन मंत्री जुटे हैं। दोनों प्रत्याशियों के लिए नुक्कड़ सभाएं भी कर रहे हैं। ऐसे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर की साख भी दांव पर लगी है। यही कारण है कि सीएम योगी ने एक जनसभा खुदागंज क्षेत्र में सोमवार को की थी। उसके बाद आज सीएम योगी कांट क्षेत्र के रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## जीएफ कालेज में ईवीएम एवं वीवी पैट के कमीशनिंग कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। लोकसभा सामान्य 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जीएफ कॉलेज में चल रहे ईवीएम एवं वीवी पैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य सुचारू रूप से संचालित पाया गया। संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात पाए गए। डीईओ ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों से कमीशनिंग कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा उन्होने एआरओ से डिस्पैच एवं मॉकपोल के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने कमीशनिंग कार्य मे लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समयवधि में कार्य पूर्ण करने के निर्दश दिये। उन्होने कमीशनिंग एवं सीलिंग कार्य को गंभीरतापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही सम्पन्न कराये जाये। डीईओ ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम से कैमरों के संचालन को देखा तथा निर्देश दिये कि सभी सीसीटीवी कैमरे निरंतर संचालित रहे यह सुनिश्चित किया जाये। परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था देख कर डीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

## परीक्षा रद्द करने बालों की गर्मी निकाल देंगे युवा : अखिलेश

शाहजहांपुर। लोकसभा चुनाव व ददरौल विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बरेली मोड़ स्थित मैदान में जनता को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि नौकरी छीनने बाली सरकार को फिर से चुनने की गलती मत करना, उन्होंने कहा कि सभी नौकरियां अब संविदा पर चल रही है। पेपर लीक नही रोक पा रहे है। इस सरकार में युवा किसान ठगा जा रहा है। इस बार परीक्षा रद्द करने बाली सरकार की गर्मी युवा निकाल देंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर की नौकरी निकाली जो सिर्फ चार साल के लिए है। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों पर तंच कसते हुए कहा कि खाकी बाले कभी हमारी मदद करते है तो कभी सरकार के दबाव में हमे डराते भी है लेकिन मन ही मन यह भी हमारे साथ है इन्हें भी डर है कि कही यह सरकार फिर से आ गई तो कही मेरी नौकरी भी न तीन साल की कर दी जाए। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों को पैकेट बन्द पौष्टिक आटा के साथ साथ डाटा मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि मंगलसूत्र की बात करने बालों को क्या पता परिवार क्या होता है महंगाई की मार से बचने के लिए सबसे ज्यादा सोना चांदी किसानों गरीबो व आम आदमी ने भाजपा सरकार में गिरवी रखकर अपना गुजारा किया है।

## जीएफ कालेज में ईवीएम एवं वीवी पैट के कमीशनिंग कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। लोकसभा सामान्य 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जीएफ कॉलेज में चल रहे ईवीएम एवं वीवी पैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य सुचारू रूप से संचालित पाया गया। संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात पाए गए। डीईओ ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों से कमीशनिंग कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा उन्होने एआरओ से डिस्पैच एवं मॉकपोल के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने कमीशनिंग कार्य मे लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समयवधि में कार्य पूर्ण करने के निर्दश दिये। उन्होने कमीशनिंग एवं सीलिंग कार्य को गंभीरतापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही सम्पन्न कराये जाये। डीईओ ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम से कैमरों के संचालन को देखा तथा निर्देश दिये कि सभी सीसीटीवी कैमरे निरंतर संचालित रहे।

## घायल को देखकर अखिलेश यादव ने स्वागत करने वालो रोका,हाथ उठाकर युवक का जाना हालचाल

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में अखिलेश यादव की जनसभा में एक युवक घायल हो गया। कई पदाधिकारी उसको मंच के पास से ले जा रहे थे। तभी स्वागत कर रहे लोगों को रोकते हुए उन्होंने मंच के उपर से हाथ हिलाकर युवक के बारे में पदाधिकारियों से पूछा। उसके बाद पदाधिकारी युवक को मंच के पीछे लेकर गए। वहां से उसको उपचार के लिए भेज दिया गया। दरअसल मंच पर पहुंचे ही भीड़ बेरिकेडिंग पर चढ़कर मंच के पास जाने की कोशिश कर रही थी। तभी पुलिस ने भीड़ को रोकने की कोशिश की और दोनो के बीच धक्का–मुक्की होती रही। मंच से उतरने के बाद तमाम समर्थकों से हाथ मिलकर अखिलेश यादव हेलीकॉप्टर से आगे के लिए रवाना हो गए। शाहजहांपुर में बरेली मोड़ स्थित अखिलेश यादव ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। उनको सुनने के लिए भारी भीड़ मैदान पर पहुंची थी। मंच के बाहरी हिस्से में तमाम नेताओं के समर्थक बेरिकेडिंग के पास खड़े रहे। जैसे ही अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे और उन्होंने हाथ उठाकर जनता से बात करना शुरू की। तभी भीड़ बेकाबू होने लगी। भीड़ बेरिकेडिंग को फांदने की कोशिश करने लगी। एसपी ग्रामीण ने भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। पुलिस और भीड़ के बीच खूब धक्का–मुक्की हुई। अंदर आने की कोशिश कर रही भीड़ को पुलिस बाहर की तरफ धकेलती रही। इस बीच एक युवक बेरिकेडिंग के उपर से जमीन पर गिर गया। उसके दोनो पैरो में चोट लग गई। उधर मंच पर अखिलेश यादव का वरिष्ठ नेता उनका स्वागत कर रहे थे।इधर घायल युवक को कुछ नेता गोद में उठाकर मंच के पास से ले जा रहे थे। तभी अखिलेश यादव ने स्वागत करने वालों को रोक दिया और उन्होंने मंच के किनारे आकर पदाधिकारियों से घायल युवक के बारे में पूछा। उसके बाद पदाधिकारी युवक को मंच के पिछले हिस्से में लेकर गए। बता दें कि, मंच पर आए कई नेताओं ने भाषण के दौरान कहा कि, जनसभा में इससे भी ज्यादा भीड़ आ रही है। लेकिन पुलिस प्रशासन के लोग बसो को सिटी में आने नही दे रहे हैं। उनको रास्ते में रोका जा रहा है। इससे लगता है कि, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी की जीत पक्की है। क्योंकि भाजपाई डरे हुए लग रहे हैं।

## राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि में वेब पंजीकरण शुरू

हाथरस। यूपी बोर्ड का परीक्षा का परिणाम जारी हुए दो सप्ताह से अधिक हो चुके हैं। विद्यार्थी बेसब्री से कॉलेज में प्रवेश पाने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि ने वेब पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि में वेब पंजीकरण शुरू हो गई है। इस विवि से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी वेब पंजीकरण कराने के लिए साइबर कैफे पहुंचने लगे हैं। बिना वेब पंजीकरण कराए विवि से संबद्ध किसी भी कॉलेज में विद्यार्थी का प्रवेश नहीं हो सकता है। यूपी बोर्ड का परीक्षा का परिणाम जारी हुए दो सप्ताह से अधिक हो चुके हैं। विद्यार्थी बेसब्री से कॉलेज में प्रवेश पाने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि ने वेब पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विवि से संबंद्ध किसी भी कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए वेब पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना वेब पंजीकरण कराए कोई भी विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले सकता है। कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी वेब पंजीकरण कराने के लिए साइबर कैफे पहुंचने लगे हैं। हालांकि, शहर के डिग्री कॉलेजों में अभी प्रवेश फार्म वितरण होना शुरू नहीं हुआ है। कॉलेजों में अभी सेमेस्टर परीक्षा ही चल रही हैं। पीसी बागला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य का कहना है कि विवि में वेब पंजीकरण शुरू हो गया है। कॉलेज में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी वेब पंजीकरण करा सकते हैं। अभी महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षा चल रही हैं। परीक्षा खत्म होने के बाद महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

